>

Title : Need to provide adequate number of vaccines for prevention of Acute Encephalitis Syndrome and Japanese Encephalitis in Eastern Uttar Pradesh.

श्री रमाशंकर राजभर (सलेमपुर): उत्तर प्रदेश के 34 जनपद ए0ई0स0 (एक्यूट इन्सेफिलाईटिस सिन्ड्रोम) जे0ई0 (जैप्नीज इन्सेफिलाईटिस) रोग से प्रभावित है, जिनमें जनपद बलिया, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनरग सबसे अधिक प्रभावित हैं।

दिनांक 13.02.2010 को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर तथा दिनांक 24.02.2010 को इलाहाबाद में हुई बैठक में भारत सरकार के विशेषज्ञों द्वारा उत्तर प्रदेश के हाई एन्डिमिक जनपदों में विशेष जे0ई0 टीकाकरण अभियान आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया जबकि प्रदेश सरकार द्वारा 34 जनपदों के 1 से 15 वर्ष से 3.51 करोड़ बच्चों को सिंगल डोज वैक्सीन द्वारा टीकाकरण कराया जा चुका है। इन हाई एन्डिमिक जनपदों में संख्या के अनुसार 1 से 15 वर्ष के बच्चों की कुल संख्या 67,46,309 है जिसके अनुसार 74,20,941 डोज वैक्सीन की आवश्यकता होगी। दिनांक 12.04.2010 को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में जे0ई0 के प्रकोप पर भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कुल 74.20 लाख डोज वैक्सीन की मांग की गई, जिसके सापेक्ष मात्र 17 लाख डोज वैक्सीन रिलीज करने हेतु आदेश निर्गत किया गया, जो मई 2010 के तृतीय सप्ताह में वाराणसी में उपलब्ध कराई गई। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों द्वारा इन टीकों की वी0वी0एम0 जांच से स्पष्ट हुआ कि 15.47 लाख वैक्सीन की स्थिति द्वितीय एवं तृतीय स्तर है तथा 50 प्रतिशत वैक्सीन की एक्सपाइयरी डेट जून 2010 है। अतः 31 मई, 2010 से प्रारंभ होने वाले जे0ई0 टीकाकरण कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा।

मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि जरूरत के अनुरूप वैक्सीन उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में उपलब्ध करायें, जिससे इस गंभीर बीमारी पर नियंत्रण पाया जा सके।